

# सेलिंग में भोपाल के वासु, माही अव्वल

## राजा भोज नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश का शानदार प्रदर्शन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 अगस्त. अपर लेक के बोट क्लब में चल रही राजा भोज मल्टीक्लास नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के सेलर्स ने कई वर्गों में बढ़त बना ली है.**





गुरुवार को जारी परिणामों में आईएलसीए-4 बालक वर्ग में एनएसएस भोपाल के वासु चंद्रवंशी और बालिका वर्ग में एनएसएस भोपाल की माही वर्मा पहले स्थान पर रहे. राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता 10 से 16 अगस्त तक चलनी है. आईएलसीए-4 बालक वर्ग में शुभम यादव दूसरे, अंकित सिंह सिसोदिया तीसरे और घनश्याम यादव चौथे स्थान पर हैं. इस वर्ग के शीर्ष चार में मध्यप्रदेश के तीन सेलर्स ने जगह बनाई. बालिका वर्ग में तुलसी पटले तीसरे, आस्था पांडे चौथे और मंका शर्मा पांचवें स्थान पर चल रही हैं. आईक्यू फॉइल में आर्यन पाटीदार और प्रार्थना भोई ने चारों रेस जीतकर चार नेट अंकों के साथ अपने-अपने वर्ग में पहला स्थान बनाया. 29ईआर में शोवण्य जोधा और हृदय जोशी की जोड़ी आगे है. एनएसएस के रुद्रेश सिंह पटेल और मयंक राजपूत दूसरे नंबर पर हैं. 29ईआर बालिका वर्ग में शगुन झा और अपर्णा चौधरी की जोड़ी शीर्ष पर है. टेक्नो अंडर-15 बालक में अंकित विश्वकर्मा पहले और अयान खान दूसरे स्थान पर हैं. अंडर-17 में सोहम योगेश राजपूत ने बढ़त बनाई है. बालिका अंडर-15 में अनन्या अवधिया तथा अंडर-17 में प्रियंशी एम. पाटिल पहले स्थान पर चल रही हैं. आयोजकों के अनुसार अंतिम रेस और पुरस्कार वितरण 16 अगस्त को होगा.

## एक नजर में



### विधानसभा अध्यक्ष ने किया पुस्तक का विमोचन

**भोपाल, 13 अगस्त (नवभारत न्यूज).** भारतीय लोक-संस्कृति, दाम्पत्य परंपरा और पारिवारिक संस्कारों के विविध आयामों को केंद्र में रखकर लिखी गई पुस्तक 'कोहबर' का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया. इस अवसर पर पुस्तक के लेखक अनिल झा वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक कृष्णमोहन झा, रिजवान अहमद सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. एच.एम. मिश्रा, डॉ. एचआर रैदास, रमेश दुबे, एसके बेहरे, शिवदत्त मिश्रा, विनय कुमार झा, कौशल झा, सुधीर के. झा, नविंदु मिश्रा, ज्योतिरादित्य झा एवं रमेश झा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे.

### लायंस क्लब पदाधिकारियों ने ली शपथ



**भोपाल, 13 अगस्त (नवभारत न्यूज).** लायंस क्लब भोपाल के वर्ष 2026-27 के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया. समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय मुख्य अतिथि रहे, लायन डॉ. टी.एस. बावल इंस्टालेशन ऑफिसर के रूप में उपस्थित रहे. इंस्टालेशन ऑफिसर लायन डॉ. टी.एस. बावल ने अध्यक्ष लायन प्रीतम नासीपुरी, प्रथम उपाध्यक्ष लायन आशा लालवानी गांधी, सचिव लायन अनिल बरसैया एवं कोषाध्यक्ष लायन जी.पी. शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को पद एवं सेवा की शपथ दिलाई. समारोह में क्लब की डायरेक्ट्री एवं प्लानर का विमोचन भी किया गया.

### दुर्गादास राठौर की जयंती पर निकाली तिरंगा रैली




**भोपाल, 13 अगस्त (नवभारत न्यूज).** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388 वीं जयंती पर राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल, राठौर क्षत्रिय एकता मंच, राठौर संघ द्वारा 1100 क्वार्टर स्थित दुर्गादास राठौर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल के अध्यक्ष अनूप राठौर, महामंत्री रमेश राठौर तथा राठौर क्षत्रीय एकता मंच के संजय राठौर, प्रेमनारायण राठौर ने बताया कि बांसखेड़ी से राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर प्रतिमा स्थल तक तिरंगा रैली निकाली. मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान थे, अध्यक्षता पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने की.

### सावन की शाम में घुली गीत-गजल की मिठास



**भोपाल,13 अगस्त .** गुरुवार शाम को पावस गीत-गजल संगोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम राष्ट्रीय वनमाली सृजन पीठ, आरएनटीयू, आईसेक्ट पब्लिकेशन, एसजीएसयू के संयुक्त तत्वावधान में हुआ. भोपाल के 10 वरिष्ठ शायरों की उर्दू शायरी की हिंदी अनुवाद में प्रकाशित किताबों का लोकार्पण किया. इनमें बासित भोपाली, शेरी भोपाली, ताज भोपाली, कैफ भोपाली, असद भोपाली, साहिर भोपाली, अख्तर सईद खां, साजिद सजनी, जीएम नगमी और शकीला बानो भोपाली की किताबें शामिल हैं .इन किताबों में चुनी गई गजलों का चयन संतोष चौबे, संकलन रफी शब्बीर ने किया है. कार्यक्रम का संचालन गजलकार बद्र वास्ती ने किया डॉ. नुसरत मेहंदी ने बारिश और जुदाई को जोड़ती गजल सुनाई. रामवल्लभ आचार्य ने बादलों पर गीत पेश किया. राजेंद्र गट्टानी ने बारिश का इंतजार करते किसानों की परेशानी को रचना के जरिए सामने रखा. ममता वाजपेयी, अजय चौबे, मनीष श्रीवास्तव 'बादल', मोहन सगोरिया, डॉ. मौसमी परिहार और प्रतिभा द्विवेदी ने दोहे, गजल और गीत सुनाए.



### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन

**भोपाल, 13 अगस्त.** राजधानी यादव समाज भोपाल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह का समापन पूर्णाहुति, हवन और विशाल भंडारा के साथ हुआ. भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. समाज के अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने बताया कि इस भागवत महापुराण सप्ताह में भक्तों ने ऋचा गोस्वामी के श्रीमुख से भक्तिमय प्रसंग का श्रवण किया एवं पुण्य लाभ लिया.

## नगर में आज

**प्रवासी सेनानी दीर्घा का लोकार्पण**
समय - प्रात: 9 :30 बजे, स्थान - शौर्य स्मारक

**खजाना इंडिपेंडेंस एडिट (हस्तशिल्प प्रदर्शनी)**
**समय** - सुबह 10 बजे से, **स्थान**- ताज लेकफ्रंट

**शलाका चित्रकला प्रदर्शनी**
**समय** - 11 बजे से, **स्थान**- जनजातीय संग्रहालय

# आज निकलेगी तिरंगा यात्रा सीएम दिखाएंगे हरी झंडी

**भोपाल, 13 अगस्त. भोपाल, स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा अभियान के तहत विधायक भगवानदास सबनानी के नेतृत्व में दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की विशाल तिरंगा यात्रा शुक्रवार 14 अगस्त को सुबह 10 बजे शौर्य स्मारक से आरंभ होगी.**




विधायक सबनानी ने बताया कि तिरंगा यात्रा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शाण्डिल्य महाराज एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. कार्यक्रम में महापौर मालती राय, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती उपस्थित रहेंगे. तिरंगा यात्रा शौर्य स्मारक से आरंभ होकर हॉकर्स कॉर्नर, 6 नंबर स्टाप, नूतन कॉलेज, आनंदधाम, 5 नंबर दुर्गा पेट्रोल पंप, अर्जुन नगर, मद्रासी मोहल्ला, पंचशील नगर, अवंती बाई चौराहा, माता मंदिर, टीन शेड, कमला नेहरु स्कूल, न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल टॉकीज, जवाहर चौक से डिपो चौराहा पहुंचेगी. भारत माता चौराहे पर स्थित भारत माता की प्रतिमा की आरती कर भारत माता की जय, जय हिन्द, जय हिन्द की सेना के जयघोष के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि 100 से अधिक स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा.

# खुशी दाभाड़े ने टीम एपी में जीता स्वर्ण

**भोपाल, 13 अगस्त( खेल प्रतिनिधि ).** मप्र की फेंसिंग खिलाड़ी खुशी दाभाड़े ने नाइजीरिया में चल रही सीनियर कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में भारत को वूमेन्स एपी टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई है. भोपाल स्थित मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स फेंसिंग अकादमी की खिलाड़ी खुशी ने इससे पहले व्यक्तिगत एपी स्पर्धा में रजत पदक भी जीता था. इस तरह उन्होंने एक ही चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण और रजत, दोनों पदक अपने नाम किए हैं. नाइजीरिया में 9 से 14 अगस्त तक आयोजित चैंपियनशिप में भारतीय महिला एपी टीम ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता. खुशी टीटी नगर स्टेडियम स्थित मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स फेंसिंग अकादमी में मुख्य प्रशिक्षक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं. उनके पिता बाबाराव दाभाड़े और मां विद्या दाभाड़े भी उनके खेल सफर में लगातार सहयोग करते रहे हैं.

# शिष्य को सुधारना गुरु का दायित्व : आचार्यश्री



**भोपाल, 13 अगस्त ( निज संवाददाता ). एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में गुरुवार को वर्षायोग के दौरान आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि आत्मकल्याण के लिए सही दिशा, श्रद्धा और लगातार प्रयास जरूरी हैं. रत्नकरण्डक श्रावकाचार के स्वाध्याय के दौरान उन्होंने कहा कि साधक को वीतराग देव, गुरु और शास्त्र को मार्गदर्शन का आधार मानते हुए अपने भीतर बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए.**



आचार्यश्री ने गुरु की भूमिका समझाते हुए कहा कि शिष्य की गलती पर उसे सुधारना गुरु का दायित्व है. डांट का उद्देश्य द्वेष नहीं, बल्कि सुधार होना चाहिए. साधक को सबसे पहले अपने दोष पहचानकर उन्हें स्वीकार करना चाहिए. आचार्यश्री ने कहा कि भगवान बनने के लिए पहले सच्चा भक्त बनना पड़ता है. कर्मों और मोह को कम करने के लिए रत्नत्रय की साधना जरूरी है. उन्होंने यह भी कहा कि देव, गुरु और शास्त्र के प्रति सही श्रद्धा के बिना सम्यक्त्व की शुरुआत नहीं हो सकती.

# इग्नाइटिंग माइंड्स का शुभारंभ कल

**भोपाल, 13 अगस्त.** शहर में साहित्य, सिनेमा, कला और संवाद को बढ़ावा देने वाले नए मंच 'इग्नाइटिंग माइंड्स' की शुरुआत 15 अगस्त को होगी. कार्यक्रम शुक्रवार शाम 6 बजे कलाम इंस्टीट्यूट,सेवॉय कॉम्प्लेक्स के पास गुलमोहर कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में हेमंत देवलेकर और वैशाली थापा काव्य पाठ करेंगे. इसके बाद निला माधब पांडा के निर्देशन में बनी हिंदी फिल्म 'आई एम कलाम' का प्रदर्शन होगा. राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित यह फिल्म शिक्षा, सपनों और बच्चों के आत्मविश्वास पर आधारित है.

# जीएमसी का 71वां स्थापना दिवस मनाया

## उप मुख्यमंत्री ने मल्टीडिसिप्लिनरी ट्यूमर बोर्ड का किया शुभारंभ



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 अगस्त. गांधी मेडिकल कॉलेज ( जीएमसी ) के 71वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राथमिक से लेकर सुपर स्पेशियलिटी तक की चिकित्सा सेवाओं को इस तरह विकसित किया जा रहा है, जिससे किसी भी नागरिक को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े. समारोह के दौरान कैंसर मरीजों के सटीक इलाज के लिए एक अभिनव पहल के तहत मल्टीडिसिप्लिनरी ट्यूमर बोर्ड का शुभारंभ भी किया गया. बता दें इस व्यवस्था से कैंसर उपचार से जुड़े विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ एक साथ बैठकर मरीज के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति तय करेंगे. जिससे मरीजों को अलग-अलग विभागों में भटकना नहीं पड़ेगा.

चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि चिकित्सक संवेदनशीलता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करें. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नागरिकों से अंगदान का संकल्प लेने का आह्वान किया.

# महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**भोपाल, 13 अगस्त.** बावड़िया चौराहे स्थित इंडस टाउन फेस वन की महिलाओं ने गुरुवार को सावन महोत्सव मनाया. इस दौरान उन्होंने गेम सेलेब्रेशन कर झूले का आनंद लिया.

# सीहोर संभाग स्पर्धा के लिए पहलवानों का चयन

**भोपाल, 13 अगस्त .** जिला स्तरीय शालेय कुश्ती चयन स्पर्धा में चुने गए भोपाल के बालक, बालिका पहलवान 18 अगस्त से सीहोर में होने वाली संभागीय स्पर्धा में हिस्सा लेंगे. बालक वर्ग में राजवीर सिंह, खुशाग्र तरानी, मोहम्मद बिलाल, वीर प्रताप सिंह, वायु जोशी, संचित यादव, गगन ग्वाला, कमल बागड़ी का चयन हुआ. ग्रीको रोमन वर्ग में रोहित तोमर, विराज बाथम और कमल बागड़ी, बालिका वर्ग में पलक परमार, फाल्गुनी पाटेल, रिषिका यादव, गेहना मोदी, आराध्या धुर्वे, प्राची, भूमिका, भूमि खत्री, यशस्वी भाटी, अंशु पटेल, भूमिका वर्मा, अनुष्का बोरासी चुनी गईं.




# बीएचईएल, हाइस्टार के बीच हुआ रणनीतिक समझौता

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 13 अगस्त. बीएचईएल और नॉर्वे की हाइस्टार एएस ने भारत में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ( पीईएम ) इलेक्ट्रोलाइजर प्रणालियों के स्वदेशीकरण और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक समझौता किया है.**

समझौते पर बीएचईएल की ओर से हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट, हैदराबाद के कार्यकारी निदेशक वाई. श्रीनिवास राव तथा न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस के महाप्रबंधक एवं प्रमुख सुतृप्तो डे ने हस्ताक्षर किए. हाइस्टार एएस की ओर से इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्रेडरिक मोविल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए. नॉर्वे दूतावास, नई दिल्ली के चार्ज डी'अफेयर्स आर्विन एकलैंड गाडगिल, बीएचईएल की निदेशक बानी वर्मा और निदेशक एस. एम. रामनाथन उपस्थित रहे.

**एचआरडी दिवस का शुभारंभ**


बीएचईएल भोपाल में एचआरडी दिवस 2026 का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में कर्मचारी विकास और सतत सीखने की बीएचईएल की दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया .कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक (एचआर) हेम राम पटेल के मार्गदर्शन तथा एचओडी (एचआरडी) आरिफ अहमद सिद्दीकी के नेतृत्व में किया गया.

**परेड की रिहर्सल** लाल परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल

# परेड में पहली बार सीएपीएफ की पांच टुकड़ियां

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 13 अगस्त. राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई.**



खास बात यह कि पहली बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की पांच टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी. मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है. फुल रिहर्सल में पुलिस बैंड समेत 22 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया. परेड का नेतृत्व सीहोरा एसडीओपी और आईपीएस अधिकारी आदित्य सिंघारिया ने किया. अभ्यास के दौरान लाल परेड ग्राउंड में नागरिकों के आने-जाने, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और प्रवेश व्यवस्था की भी जांच की गई. बारिश की आशंका को देखते हुए ग्राउंड में वाटरप्रूफ डोम-टेंट लगाए गए हैं.

**आरक्षक यादव ने सीएम की भूमिका निभाई**

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सातवीं वाहिनी के प्रधान आरक्षक राजमणि यादव ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की भूमिका निभाई. उन्होंने परेड ने सलामी दी. संदेश का वाचन किया. अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्य अतिथि के हाथों पदक अलंकरण दिए जाने का भी अभ्यास कराया गया.

अंतिम अरदास



रूबी सभरवाल

श्री विपिन सभरवाल की पत्नी रूबी सभरवाल का 13 अगस्त को निधन हो गया है। उनकी अंतिम अरदास 15 अगस्त को दोपहर 3 से 4 बजे तक गुरूद्वारा ई-4 अरेरा कॉलोनी में रखी गई है।

शोकाकुल
श्री विपिन सभरवाल (पति)
श्री बी. एम. सभरवाल (ससुर)
श्री एस. एस. कोहली (पिता)
देवर - श्री अमित सभरवाल
श्री दीपक सेठी
डॉ. राजेश सेठी
कर्नल अजय कोहली (भाई)
पुत्री- पलक और अवनी

M/s अमित फार्मा, सेठी सन्स